## महत्वपूर्ण एवं खास

### होमगार्ड कार्यालय के निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 12 जून को

**रायगढ़।** जिला होमगार्ड कार्यालय, रायगढ़ में उनके निष्प्रयोज्य (कंडम)घोषित सामग्रियों (जिसमें वर्दी सामग्री फुलपेन्ट, कमीज, टोपी, बैच, कन्धा बैच, जूते, मौजे, दरी, मच्छरदानी, किट बाक्स, फायर सामग्री आदि)की नीलामी 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना चांदमारी कैम्प रायगढ़ में की जाएगी। नीलामी बोली कर्ता नीलामी तिथि को सुबह 10 बजे तक नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को कार्यालय में देख सकेंगे। इस संबंध में नियम-शर्तो सहित अन्य विस्तृत जानकारी के लए जिला सेनानी नगर सेना, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिले के सहकारी समितियों से खाद-बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर ले सकते है लाभ

**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2024 हेतु रायगढ़ जिले के अंतर्गत समस्त 69 सहकारी समितियों में खाद-उन्नत बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु शासन द्वारा दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। रायगढ़ जिले के समस्त किसानों को जिले के अंतर्गत स्थित 69 सहकारी समितियों से खाद-बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त किसान अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर परमिट/रसीद कटाकर खाद-उन्नत बीज तथा खेती हेतु असक्षम किसानों के लिए फसलीय ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। जिससे जिले के किसानों को बुवाई के पूर्व/मानसून के पूर्व खाद-बीज एवं उन्नत बीज (यूरिया, डीएपी, एनपीके, सुपर-पोटास)तथा धन (फसलीय ऋण)की आपूर्ति न हो।

### देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान के अनुज्ञप्त परिसर में संलग्न अहाता के अनुज्ञप्तिधारियों की चयन कार्यवाही 27 मई को

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के देशी/विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता के अनुज्ञप्तिधारियों का 27 मई 2024 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में चयन कार्यवाही संपन्न होगी। उक्त कार्यवाही में वे ही आवेदक जो ऑनलाईन अहाता अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किए हो, पावती धारक हो वे उक्त स्थल पर अवलोकन हेतु उपस्थित हो सकते है।

### रायगढ़ में मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन कर रहे 89 वाहन चालकों पर पुलिस ने की कार्यवाई

**रायगढ़।** जिले में मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारियों ने मालवाहक वाहन चालकों और वाहन स्वमियों की बैठक लेकर थाना प्रभारियों ने मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन नहीं करने की समझाइश दी गई जिसके बाद अब पुलिस टीमें सभी थाना क्षेत्र के प्रमुख एवं अंदरूनी मार्गों पर वाहनों की जांच कार्रवाई कर मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन कर रहे चालकों पर कार्यवाही शुरू की है पिछले 3 दिनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 89 मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही किया गया है जिसमें 85 मालवाहक वाहनों के चालकों से समन शुल्क की राशि रु.35,200 वसूल किए गए हैं तथा 04 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस की कार्यवाही सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत जारी है। वाहन चालकों को पुलिस दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करने और मालवाहक पर यात्री परिवहन ना करने की सख्त हिदायत दिया गया है।

# 4 जून को होने वाले मतगणना के लिए प्रथम प्रशिक्षण संपन्न, 3 जून को होगा द्वितीय प्रशिक्षण

- मतगणना कार्य के प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, मतगणना से संबंधित पूछे प्रश्न
- अच्छे से प्रशिक्षण लेने एवं शंका होने पर उसे तुरंत क्लियर करने के दिए निर्देश



**रायगढ़**

लोकसभा निर्वाचन के लिए 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में आज मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिसका कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने क्रमश: सभी कक्षों में निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में बरती जानी वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने मतगणना कक्ष में मशीनों के पहुंचने पर सर्वप्रथम मशीनों का सील चेक करना, गणना अभिकर्ताओं को रिजल्ट दिखाना, प्रपत्र भरना, टेबुलेशन का कार्य जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम मशीन में होने वाले डिस्प्ले, मतगणना कक्ष में निषेध सामग्रियों एवं आवश्यक सावधानियों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षण के दौरान किसी भी तरह के डाउट होने पर मास्टर ट्रेनर से तत्काल क्लियर करने और प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के शंका होने पर बेहिचक पूछने की बात कही।

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मतगणना कार्य हेतु मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर सहित 280 कर्मचारियों को अलग-अलग 6 कक्षों में प्रथम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 3 जून को दिया जाएगा तथा विधानसभावार कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा से रेण्डम चयनित 5 वीवीपैट मशीनों की पर्चियों की गणना की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में एक टेबल वीवीपैट गणना बूथ बनाया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे, नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे, नायब तहसीलदार गिरीश निम्बलकर, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र कश्यप, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यालय पड़िगांव में समर कैम्प आयोजित



**रायगढ़**

शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में सर्वाधिक विकास के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय-पडिग़ांव में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप कराए जा रहे है। समर कैंप में विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, करसिव राईटिंग, चित्रकारी सिखायी जा रही है। योग व्यायाम के साथ-साथ गायन वादन कला भी सिखाया जा रहा है। समर कैंप में स्कूल के सभी विद्यार्थी अपनी रूचि अनुरूप विभिन्न विधाओं में भाग ले रहे है।

इस वर्ष विद्यालय के परीक्षा परिणाम भी विगत वर्षो से बेहतर रहा। हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत एवं हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। विद्यालय की ओर बच्चों को ओआरएस की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है। शासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विभिन्न प्रकार के विधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है।

## रायगढ़ एसपी ने किया एनएच 49 पर ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण

- दुर्घटना के कारणों की समीक्षा कर यातायात पुलिस को दिए आवश्यक निर्देश

**रायगढ़**



सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में आज शुक्रवार सुबह पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नेशनल हाईवे 49 पर रायगढ़ से खरसिया तक चिह्नित किए गए ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा भी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पिछले तीन साल में एनएच 49 पर रायगढ़-खरसिया के बीच हुए सड़क हादसों की बारीकी से समीक्षा कर आज स्वयं ब्लैक स्पॉट की समीक्षा करने मौके पर पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर एनएच 49 के सभी ब्लैक स्पॉट पर हादसों के कारणों की समीक्षा किए तद्उपरांत ऐसे स्थान जहां सांकेतक व रंबल स्ट्रिप की आवश्यकता प्रतीत हुई चिन्हिंकित किये गये तथा हादसों की समीक्षा कर नये ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित किया गया है। उन्होंने दुर्घटनाओं में कमी लाने ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा को पीडब्लूडी, ट्रांसपोर्ट और एनएच अथॉरिटी के साथ साझा रूप से आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक डीएसपी को मार्ग पर ओव्हर लोड, ओव्हर स्पीड व ड्रिंक एवं ड्राइव तथा मालवाहक वाहनों पर सवारी लाने वालों पर नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। सड़क दुर्घटनों में कमी लाने यातायात पुलिस निरंतर प्रयासरत है। शासकीय व गैर शासकी एजेंसियों के साथ मिलकर यातायात पुलिस समय पर लोगों को जागरूक करने के साथ ही सड़कों पर आवश्यक सुधार कार्य कराया जा रहा है।

## रायगढ़ में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे पर कार्यवाई : आरोपी से 1,02,750 रुपए नगद, एक मोबाइल और लाखों का क्रिकेट सट्टा जब्त

- आईपीएल के सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के मैच पर सट्टा नोट कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा
- आरोपी पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्रवाई

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में सट्टा-पट्टी पर अंकुश लगाने पुलिस मुखबीरों का जाल बिछाकर इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर पैनी नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में आज सीएसपी आकाश शुक्ला द्वारा आईपीएल के Play off मैच पर क्रिकेट सट्टा की संभावना पर शहर के सभी प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर सक्रिय मुखबीरों से सूचनाएं लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं आज शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि संजय मार्केट में दरोगा पारा का रहने वाला प्रकाश सिंह चौहान आईपीएल के सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों से बॉल टू बॉल क्रिकेट सट्टा मोबाइल पर नोट रहा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ कार्रवाई के लिये संजय मार्केट रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस की टीम ने संजय मार्केट पर प्रकाश सिंह चौहान को सट्टा पट्टी नोट करते पकड़ा जिसके कब्जे से रु.1,02,750 और एक विवो मोबाइल की जप्ती की गई है। आरोपी अपने टच स्क्रीन वाले विवो मोबाइल पर क्रिकेट सट्टा ऐप के जरिए लोगों से क्रिकेट सट्टा नोट कर रहा था जिस पर क्रिकेट सट्टा रूपयों का हिसाब लेख है, जिसका स्क्रीन शॉट सेव किया गया है। आरोपी प्रकाश सिंह चौहान पिता लक्ष्मीनारायण चौहान उम्र 36 वर्ष साकिन जैन मंदिर के पास दारोगापारा थाना कोतवाली रायगढ़ पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर ऑनलाइन क्रिकेट कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक हेमन्त पात्रे दिलीप भानू, आरक्षक संदीप मिश्रा और विनोद शर्मा शामिल थे।

## कैरियर मार्गदर्शन में बच्चों ने जाना आगे कैसे करें पढ़ाई, जिससे भविष्य हो सुरक्षित

- पंचपारा में हुआ कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

**रायगढ़**





समर कैंप के चतुर्थ दिवस संकुल पंचपारा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोसमंदा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला, प्राथमिक विद्यालय नवापारा के बच्चों को भविष्य के लिये लक्ष्य निर्धारण करने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का मार्ग प्रशस्त करने पोस्टल विभाग से पोस्ट ऑफिस रेंगालपाली की कु.प्रियंका साव,संजय चौधरी, पंचायत विभाग से सचिव, विक्रम पटेल इंजीनियर, संजू कुमार सहा. डाकपाल, आशा गुप्ता, पुलिस विभाग से टीकाराम बरेठ, आनंद थाना पुसौर ने अपना अमूल्य समय दिया। सभी ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुये भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने के टिप्स दिये। आगंतुक सभी मेहमानों से मिलकर बच्चे बहुत खुश हुए व उनसे उनके कार्य के बारे में कई प्रकार के प्रश्न पूछे। बच्चों के पूछे गये सवाल का सभी बेहतरीन तरीके से बच्चों को समझाया। आज के मार्गदर्शन कार्यक्रम को पालकों ने प्रशंसा करते हुये सभी स्कूलो में आयोजित करने को कहा।

कार्यक्रम में रंजिता महाणा प्रधान पाठक, सरोजिनी सिदार, सुजाता गुप्ता कोसमंदा, सुनीता प्रधान, नीतू प्रधान, जानकी प्रधान बाघाडोला, जयंती गुप्ता, प्रशांत बारीक नवापारा उपस्थित रहे।

### भविष्य निर्माण हेतु जिला-स्तरीय कैरियर काउंसिलिंग 'उत्कर्ष-भविष्य की उड़ान' होगा आयोजित

**समर कैम्प 2024 के विविध आयामों के तहत होगा आयोजन**

**रायगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 25 मई को कक्षा 10 वीं से 12 वीं अध्ययन कर रहे बच्चों को लिये बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन 'उत्कर्ष-भविष्य की उड़ान' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ नगर निगम सीमा क्षेत्र के स्थानीय शासकीय स्कूलों के 500 बच्चे एवं उनके पालक शामिल होंगे। ज्ञात हो वर्तमान में रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर 20 से 30 मई 2024 तक शासकीय शालाओं में समर कैम्प का आयोजन किया का रहा है, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग थीमों पर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसके साथ ही जिला स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये है, इसी कड़ी में 25 मई को कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, सैन्य सेवा, चिकित्सा में प्रवेश, इंजीनियरिंग, पॉलिटेनिक एवं आईटीआई में प्रवेश, विधि सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में सेवा, कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जायेगा।

## जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग ।** आरएनएस

शराब भट्ठी में धक्का मुक्की होने की बात पर विवाद करते हुए शराब की बोतल से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 24.05.2024 की रात्रि प्रार्थिया मीना सिंह ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसका लडक़ा आकाश सिंह देशी शराब भट्ठी के पास गया था जहां काफ ी भीड़ भाड़ होने से रियाज नामक व्यक्ति से धक्का मुक्की हो गया। जिससे रियाज आवेश में आकर दारू की बोटल से आकश पर ताबड़तोड़ वार करते हुए प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया जिससे प्रार्थिया का लडक़ा लहू लुहान हो गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से गुण्डागर्दी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की तलाश में लग गई पता तलाश के दौरान सूचना मिला की आरोपी मोहम्मद रियाज शंकर पारा में छुपा है जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## एम्स के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी

**रायपुर, ।** आरएनएस

राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी।

एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और उषा जिंदल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया। इस बार दीक्षांत समारोह में 509 चिकित्सा छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएंगी।

एम्स प्रबंधन का कहना है कि दीक्षांत समारोह की तिथि तय नहीं हुई है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में उम्मीद है। लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने बताया कि एम्स के लिए यह गौरव का क्षण है कि समारोह के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से दीक्षांत समारोह में मुख्य अभिभाषण के साथ स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए भी अनुरोध किया है।

अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस के 203 छात्रों (2017 और 2018 बैच), बीएससी (नर्सिंग) की 116 छात्राओं (2018 और 2019 बैच),एमडी,एमएस,एमडीएस के 143 और डीएम व एमसीएच की 14 डिग्री प्रदान की जाएंगी। चार छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के सुचारू आयोजन के लिए एम्स की ओर से विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

## ढाई लाख से अधिक के भुगतान पर सेवादाताओं का कटेगा टैक्स

- वित्त विभाग ने जारी किया पत्र

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**



राज्य के कई कार्यालयों और विभागों द्वारा जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है और जीएसटी पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से हो रही क्षति के मद्देनजर छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य सरकार के समस्त विभाग, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर्स और अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर को पत्र जारी किया है।

जारी पत्र में निर्देशित किया है कि शासकीय विभागों द्वारा किए जाने वाले क्रय पर विक्रेता एवं निर्माण कंपनी, ठेकेदारों को तथा सेवा प्रदाताओं को किए जाने वाले भुगतानों पर कटौती (जीएसटी-टीडीएस) के संबंध में कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदाय कर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय अथवा सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख रूपए की सीमा का उल्लंघन न हो।

वित्त विभाग के पत्र और ट्रेनिंग में जानकारी दी गई कि केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम 2017, छत्तीसगढ़ माल और सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर शासकीय विभाग या स्थापना या स्थानीय प्राधिकारी या शासकीय अभिकरण (एजेंसी) या शासन के किसी भी आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) 2.5 लाख (ढाई लाख) से अधिक रूपये के भुगतान होने पर 2 प्रतिशत जीएसटी (1 प्रतिशत सीजीएसटी और 1 प्रतिशत एसजीएसटी) की दर से स्रोत पर कटौती (जीएसटी-टीडीएस) किया जाना है।

**सभी डीडीओ की हुई ट्रेनिंग-** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीडीओ की ट्रेनिंग हुई। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, सभी डीडीओ सहित जीएसटी काउंसलर आशीष अग्रवाल उपस्थित थे। अलग-अलग तिथियों में सभी जिलों में यह प्रशिक्षण हुआ।

**जीएसटीआर-07 रिटर्न-** इस संबंध में सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्रोत पर कटौतीकर्ता (टीडीएस डिडक्टर) के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी की जाने वाले सामग्री, मशीन उपकरण अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिए जाने वाले किसी भी प्रकर की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस कटौती करने के बाद अगले माह की 10 तारीख तक जीएसटीआर-07 रिटर्न में प्रस्तुत किया जाना है।

**जीएसटीआईएन सक्रिय और वैध हो-** वित्त विभाग ने सभी कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों सहित वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय और वैध हो।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480